पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली, गुरुवार, 11 जनवरी 2024

वर्ष 5, अंक 55, पृष्ठ 16

मूल्य 6 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

एसआरएमएस अकादमी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम को हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत हुआ मैच

अमृत विचार : अल्मा मातेर स्कूल के मैदान में चल रहे अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच मैच खेला गया। जिसमें एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम को पांच विकेट से हराया।

आयोजक सचिव विपिन ने बताया कि स्पोर्ट्स स्टेडियम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 104 रन बनाए। इसमें कुशाग्र ने 36 और हर्षित ने 24 रनों का योगदान दिया। एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज लव लोधी ने तीन अंशुमन, अभिमन्यु और रिजवान ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने 24.4 ओवरों में पांच विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इसमें अभिमन्यु ज्वाला ने नॉट आउट 33 रन और देवराज ने 17 रन बनाए।

स्पोर्ट्स स्टेडियम के गेंदबाज विवान और हर्ष ने दो-दो और हेमंत ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अभिमन्यु ज्वाला रहे। मैच में अंपायरिंग अजय गुप्ता और अनुज चौहान ने की। इस दौरान एसआरएमएस अकादमी के कोच अनुज शर्मा, अब्दुल जीशान, योगेश आर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

आयोजकों के अनुसार गुरुवार को अल्मा मातेर क्रिकेट अकादमी और क्रिकेट नर्सरी के बीच मुकाबला होगा।